ऐसा माना जाता है कि अंतःपादपीय यानी एंडोफाइटिक बैक्टीरिया में पादप संवर्धन सक्षमता होती है क्योंकि वह फाइटोहॉर्मोन्स, एंजाइम, वोलाटाइल ऑर्गेनिक कम्पाउंडों आदि प्रोड्यूस करता है। अरहर की फसल से वियोजित जीवाणविक एंडोफाइट 53P ने कंट्रोल पादपों (एंडोफाइट के बिना) की तुलना में काबुली चना में भिन्न प्रोमोटर प्राचलों के साथ जड़ क्षेत्र लंबाई (36.1%), जड़ ताजा वजन (206.3%), जड़ शुष्क वजन (125.3%), पादप ऊँचाई (23.2 से. मी.) और प्ररोह ताजा वजन (42.3%) (36.1:) में काफी वृद्धि की। इस जीवाणविक एंडोफाइट में फफूंद रोगजनकों के विरूद्ध ऐंटागोनिस्टिक प्रभाव की सक्षमता है। जीवाणविक एंडोफाइटों को अरहर पादपों में पादप संवर्धन गतिविधियों के लिए भी टेस्ट किया गया। परिणामों में यह पाया गया कि एंडोफाइट उपचारित पादपों में पादप विकास में समग्र रूप से सुधार हुआ, जबकि एंडोफाइट कंट्रोल (C) पादपों में ऐसा नहीं पाया गया। अतः पादप संवर्धन तथा कवक रोगजनकों के बायोकंट्रोल के लिए जीवाणविक एंडोफाइटों का अन्वेषण किया जा सकता है।

फाइटोपैथोजन के विरूद्ध एंटीमाइक्रोबायल गतिविधियों वाले जीवाणविक एंडोफाइटों में एंटीमाइक्रोबायल पेप्टाइड (एएमपी) की खोज

एंटीमाइक्रोबायल पेप्टाइड (एएमपी) या लिपोपेप्टाइड अनेक प्रकार के पादप रोगजनकों से निपटने में महत्वपूर्ण उपायों में एक नवीनतम उत्कृष्ट उपाय है। जेंथोमोनस आराइजी pv. oryzae (Xoo) और मृदा जनित फफूंद रोगजनकों, यानी स्क्लेरोटियुम रोलफ्सी, फ्यूसेरियम वर्टिसिलियोइडेस तथा राइजोक्टोनिया सोलेनी के विरूद्ध ऐंटागोनिस्टिक गतिविधियों वाले धान की खेती में जीवाणविक एंडोफाइटों में लिपोपेप्टाइड जीन की मौजूदगी की पुष्टि की गई। सरफेक्टिन को चार वियुक्तों में पाया गया, जबकि बेसिलियोमाइसिन एवं एंटीफंगल इटुरिन जीन्स को आइसोलेट में पाया गया। इसी प्रकार से, इटुरिन एवं बेसिलोमाइसिन D विशिष्ट प्राइमरों ने केवल बी. सबटिलिस (जिसे जड़ ऊतकों से वियोजित किया गया था) में वांछित ऐम्प्लीकॉन प्रदर्शित किए। इससे यह संकेत प्राप्त हुआ कि धान में बेसिलस एंडोफाइट इन लिपोपेप्टाइड को पादप ऊतकों के भीतर या उनकी सतह पर सृजित करता है ताकि वह उन्हें पादप रोगजनकों यानी फाइटोपैथोजन से संरक्षित कर सके। जड़ ऊतकों से वियोजित बेसिलस एंडोफाइट ने टेस्ट किए गए कवक एवं जीवाणविक रोगजनकों के विरूद्ध जबर्दस्त ऐंटागोनिस्टक सक्षमता प्रदर्शित की।

फ्यूसेरियम पैथोजन के विरूद्ध एंटीमाइक्रोबायल गतिविधियों के साथ संभावित जीवाणविक एंडोफाइट

अरहर के विभिन्न पादप ऊतकों से वियोजित जीवाणविक एंडोफाइटों की इनविट्रो जांच की गई ताकि रोगजनक कवक, फ्यूसेरियम के विरूद्ध उनकी ऐंटागोन्सिटक गतिविधि का पता लगाया जा सके। रोगजनक के परिवर्ती अवरोध को जीवाणविक एंडोफाइटों द्वारा रिकॉर्ड किया गया।

परियोजना 2.2. प्रतिरोधी पादपों से जैविक स्ट्रैस प्रेरित करने वाले प्रोमोटरों की पहचान

(पी. एन. शिवलिंगम, एस. के. जैन, विनय कुमार, ललित एल. खरबीकर, आशिष मराठे)

मूँग को संक्रमित करने वाले MYMIV के संक्रामक क्लोन

रायपुर में मूँग की फसल को संक्रमित करने वाले मूँगबीन येलो मोजेक इंडिया वायरस (MYMIV) को pCAMBIA2301 वेक्टर में सब.क्लोन किया गया और ई. कोलाई DH5α में परिवर्तित किया गया। प्लास्मिड को वियोजित कर एग्रीइनोकुलेशन के लिए एग्रोबैक्टीरियम टमिफेसिएन्स प्रजाति EHA105 में एकीकृत किया गया। इन क्लचरों को, जिनमें DNA । एवं DNA B के समान रूप से मिश्रित वायरल कंस्ट्रक्ट थे, को मूँग, उड़द, लोबिया और सोयाबीन पर पिन प्रिंक विधि द्वारा संरोप्य किया गया। संरोप्य पादपों को कीट रोधी स्थिति के तहत रखा गया और उनमें रोग लक्षण विकास के लिए उनकी मॉनीटरिंग की गई। पीला मोजेक के लक्षण केवल मूँग और उड़द में पाए गए, जबकि लोबिया तथा सोयाबीन में नहीं पाए गए (तालिका 4)। इन संक्रामक क्लोनों का प्रयोग MYMIV के विरूद्ध प्रतिरोध स्रोत उत्पन्न करने वाले पादपों के साथ प्रोमोटर का अध्ययन करने के लिए किया जाएगा।

तालिका 4 : MYMIV के DNA A और DNA B संक्रामक क्लोनों का एग्रोइनोकुलेशन

परपोषी नाम	संरोपित पादपों की सं.	रोग लक्षण प्रदर्शित करने वाले पादपों की सं	लेटेन्ट अवधि	रोग लक्षण	पीसीआर खोज
मूँग	10	10	10.11	YM	-
उड़द	10	10	11.12	YM	-
लोबिया	10	1	21	-	-
सोयाबीन	10	1	21	-	-

सोयाबीन से आइसोफ्लेवोन सिंथेस (IFS) के प्रोमोटर का वियोजन

ऐसा माना जाता है कि आइसोफ्लेवोन पोषण तत्व को बढ़ाता है और जैविक स्ट्रैस से संरक्षण प्रदान करता है। ifs जीन के प्रोमोटर की गतिविधि को टेस्ट करने हेतु, ifs जीन के अपस्ट्रीम क्षेत्र के 2 kb को प्रतिरोधी (UPSM 534) और संवेदनशील वंशक्रमों (JS 335) से पीसीआर पद्धति द्वारा प्रवर्धित किया गया। प्रवर्धित फ्रेग्मेंट को प्रोमोटर रहित वेक्टर, pORE-R2 और ई. कोलाई DH5α में परिवर्तित कर उसका अनुक्रमण किया गया। पुष्टि किए गए क्लोन को एग्रोबैक्टीरियम टमिफेसिएन्स EHA105 में परिवर्तित किया गया। संरोपित पादपों से लिए गए नमूनों का जीयूएस ऐस्से विश्लेषण जारी है।

परियोजना 2.3. धान की खेती में बहु स्ट्रैस (जीवाणविक अंगमारी, प्रस्फुटन और भूरा पादप फुदका) से सहिष्णुता उपलब्ध कराने वाले सुपर डोनर्स का विकास

(विनय कुमार, एस. के. जैन, पी. एन. शिवलिंगम, मल्लिकाअर्जुन, जे.)

धान जननद्रव्य का क्रय, बहुगुणन और संवीक्षा

धान जननद्रव्य का क्रय अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई), फिलीपींस से किया गया जिसमें जीवाणविक अंगमारी रोग, प्रस्फुटन रोग तथा भूरा पादप फुदका (ब्राउन प्लांट होपर) रोग से संबंधित जीन्स थे। धान की कुल सात वन्य प्रजातियों, यानी ओरिजा निवारा, ओ. मिनुटा, ओ. ग्लुमाइपाटुला, ओ. ग्रेंडिग्लुमिस, ओ. रुफिपोगॉन और ओ. लॉन्गिस्टेमिनेटा का प्रजनन कार्यक्रम के लिए बहुगुणन किया जा रहा है। इन जंगली प्रजातियों के अलग.अलग संघटन हैं जिनमें अनेक रोगों और कीटों से प्रतिरोधी जीन्स होते हैं।

धान में सुपर डोनर विकसित करने हेतु, MTU 1010 और धान वंशक्रम (IRBB 66) के बीच क्रॉस विकसित किए गए और बीएलबी प्रतिरोध (*Xa4+xa5+Xa7+xa13+Xa21*) के लिए पांच जीन एवं F_1 बीज उत्पादित किए गए। बीएलबी प्रतिरोधी जीनों की मौजूदगी की पुष्टि लिंक्ड मॉलीक्यूलर मार्करों का प्रयोग कर की गई।

MTU 1010 जीनोम की रिकवरी के लिए, F1 पादपों को प्राप्तक पैतृक के साथ प्रतीकसंकरित यानी बैकक्रास किया गया। बैकक्रॉस के बीजों को विकसित कर उनमें बीएलबी प्रतिरोधी जीन की मौजूदगी का पता लगाने के लिए आणविक मार्करो का प्रयोग करके टेस्ट किया जा रहा है ताकि उनकी पीढ़ियों का उन्नयन किया जा सके। वन्य धान जननद्रव्य से प्रस्फुटन प्रतिरोध और भूरा पादप फुदका के लिए प्रतिरोधी जीनों तथा प्रतिरोधी जीनों सहित धान

वंशक्रमों के अंतर्गामन हेतु, खरीफ मौसम के दौरान क्रॉस विकसित किए गए और बीज उत्पादित किए गए।

भूरा पादप फुदका (बीपीएच) से प्रतिरोध के लिए धान जननद्रव्य की संवीक्षा

धान में भूरा पादप फुदका प्रतिरोध के लिए कुल मिलाकर अस्सी (80) धान जननद्रव्यों को चयनित कर उनकी संवीक्षा की गई जिसमें स्टैंडर्ड सीड बॉक्स टेक्नीक (IRRI, 1988) का प्रयोग किया गया। धान वंशक्रमों की संवीक्षा के लिए, बीजों को ट्रे में बोया गया और बुवाई के 10 दिनों के बाद BPH निम्फ @ 10 प्रति पौध को संक्रमित किया गया। बुवाई के 10-12 दिनों के बाद प्रेक्षण को रिकॉर्ड किया गया। 80 वंशक्रमों में से, वंशक्रम 3, 12, 22 और 25 क्रमशः प्रतिरोधी, मामूली प्रतिरोधी, संवेदनशील और उच्च संवेदनशील पाए गए

तालिका 5 : धान में भूरा पादप फुदका के प्रतिरोध के लिए धान वंशक्रमों की संवीक्षा

क्र.सं.	ग्रेड	धान वंशक्रमों की सं.	बीपीएच अभिक्रिया
1-	0-1	03	प्रतिरोधी
2-	3	12	मामूली प्रतिरोधी
3-	5	18	मामूली संवदेनशील
4-	7	22	संवेदनशील
5-	9	25	उच्च संवेदनशील

राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (एनआरआरआई), कटक के साथ अंतर–संस्थागत सहयोग / कोलाब्रेशन

धान में जीवाणविक पत्ती अंगमारी रोग से प्रतिरोध के लिए धान जननद्रव्य की संवीक्षा

जीवाणविक अंगमारी व झुलसा रोग (जेंथोमोनस ओराइजी पीवी. ओरिजे) के लिए राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (एनआरआरआई), कटक, से प्राप्त कुल 226 धान वंशक्रमों / जननद्रव्य की संवीक्षा की गई। धान जननद्रव्य के पौधों को युग्मित पंक्ति में प्रतिरोपित किया गया और खेत की स्थिति के आधार पर जीवाणविक अंगमारी रोग उत्पन्न करने वाले रोगजनक (रायपुर आइसोलेट) का प्रयोग कर उसे कृत्रिम रूप से टीकाकृत किया गया। क्लिपिंग विधि का प्रयोग कर कृत्रिम टीकाकरण किया गया और रोग आपतन को आवधिक रूप से रिकॉर्ड किया गया (तालिका 5)। जीवाणविक अंगमारी रोग के लिए धान किस्म TN1 का प्रयोग संवेदनशील जांच किस्म के रूप में किया गया। 226 धान वंशक्रमों में से, 100 और 38 वंशक्रमों को लगातार दो वर्षों तक बीएलबी रोग से प्रतिरोधी एवं संवेदनशील पाया गया।

तालिका 5 : खेत की संवीक्षा के आधार पर जीवाणविक अंगमारी रोग से विविध प्रतिरोध प्रदर्शित करने वाले धान वंशक्रमों की सूची

स्केल	बीएलबी संक्रमण	चावल वंशक्रमों की सं. (2019-20)	रोग अभिक्रिया
1	1-5%	100	प्रतिरोधी (R)
3	6-12%	51	मध्यम प्रतिरोधी (MR)
5	13-25%	37	मध्यम संवेदनशील (MS)
7	13-25%	38	संवेदनशील (S)
9	>51%	-	उच्च संवेदनशील (HS)
	TNI वंशाक्रम	30-70%	

परियोजना 2.4. काबुली चना में फ्यूसेरियम ऑक्सीस्पोरुम स्ट्रैस के संबंध में माइक्रो आरएनए जीन्स का एपिजनेटिक रेग्यूलेशन

(ललित एल. खरबीकर, आशिष मराठे)

यूक्लिडीन दूरी के आधार पर हायर्रारिकल क्लस्टरिंग में यह पाया गया कि 16 मेथिलेशन.संबद्ध जीन एक संवेदनशील काबुली चना वंशक्रम मे डाउन.रेग्यूलेट थे। एफ. फ्यूसेरियम इनोकुलेशन के संदर्भ में, यही जीन एक प्रतिरोधी वंशक्रम में अप.रेग्यूलेट थे। जीन ऑन्टोलॉजी (जीओ) विश्लेषण में इन मेथिलेशन-संबद्ध जीनों को मेथिलथियोऐडेनोसाइन एवं एस. ऐडेनोसिलमेथियोनाइन और स्टेरॉइड बायोसिंथेसिस (p-value 0.001) से एल.मेथियोनाइन साल्वेज से संबद्ध किया गया।

परियोजना 2.5. सोयाबीन में पीला मोजेक रोग की भिन्न अभिक्रिया में आइसोफ्लेवोन्स की भूमिका का वर्णन

(आशिष मराठे, पी. एन. शिवलिंगम, ललित एल. खरबीकर)

डिमेरिजाइज्ड MYMIV DNA A और DNA B सहित रिकम्बिनेन्ट वेक्टर को डिजाइन करने हेतु, विषाणु संक्रमित सोयाबीन पादपों से जीनोमिक डीएनए को वियोजित किया गया और रोलिंग सर्किल एम्प्लीफिकेशन (आरसीए) के तहत रखा गया।

आरसीए प्रोडक्ट का विश्लेषण 1 प्रतिशत एगारोस जेल पर किया गया। Pst I और BamHI के साथ आरसीए प्रोडक्ट के रिस्ट्रेक्शन डायजेशन में, 2.7 kb फ्रेगमेंट प्राप्त हुआ और यह उम्मीद की जा रही थी कि यह MYMIV होगा। 2.7 kb फ्रेगमेंट को pUC18 में क्लोनीकृत किया गया और ई. कॉली की DH5α प्रजाति में परिवर्तित किया गया। पॉजिटव क्लोनों के लिए कॉलोनियों की जांच की गई और रिस्ट्रिक्शन विश्लेषण के माध्यम से उनकी पुष्टि की गई। पुष्टि किए गए क्लोनों को पुनः सांगर डाइ.डियोक्सी अनुक्रमण के माध्यम से अनुक्रमित किया गया। BamHI रिस्ट्रिक्टेड क्लोन की पुष्टि A DNA के रूप में की गई, जबकि PstI क्लोन की पुष्टि MYMIV ds B DNA के रूप में की गई। मोमोनर क्लोनों को एक उपयुक्त बाइनरी वेक्टर में पुनः डिमेराइज किया जाएगा ताकि संक्रामक क्लोन सृजित किए जा सकें।

कार्यक्रम 3 : स्ट्रैस सहिष्णुता के लिए आनुवंशिक और आणविक संसाधन

परियोजना 3.1. जैविक स्ट्रैस से सहिष्णुता के लिए फसल पादपों में जीन पूल की प्रोफाइलिंग

(एस. के. जैन, अनिल दीक्षित, आर. के. मुरली बास्करन, के. सी. शर्मा, पी. एन. शिवलिंगम, मल्लिकाअर्जुन, जे., योगेश येले)

जैविक स्ट्रैस के विरूद्ध अरहर मिनी–कोर सब–सेट की जांच

खरीफ 2019 के दौरान, अरहर मिनी–कोर के सब–सेट की 146 जननद्रव्य वंशावलियों के साथ–साथ आईसीआरआईएसएटी, हैदराबाद से प्राप्त चार कंट्रोल्स की जांच फील्ड स्थितियों के तहत जैविक स्ट्रैस के विरूद्ध की गई। प्रत्येक वंशावली की बुवाई 4 मी. लंबाई वाली युग्मित पंक्ति में संवर्धित डिजाइन में की गई। नाशीकीटों और रोगों की उत्पत्ति पर प्रेक्षणों को आवधिक रूप से रिकॉर्ड किया गया। चित्तीदार तना बेधक नाशीजीव, मरुका विट्रेटा के आपतन पर प्रेक्षण वानस्पतिक/पुष्पण स्तर पर किए गए। प्रेक्षण में 20 जननद्रव्यों, अर्थात ICP 4307, 4392, 4575, 6815, 6845, 6992, 7223, 7314, 7426, 7507, 8227, 9414, 10228, 11321, 12515, 13431, 13884, 14444, 14722, 14819 में मामूली नुकसान पाया गया, जो 0.6 से 2.4 पत्ती वेबिंग/पादप और 0.2 से 0.6 पत्ती वेबिंग/पादप के बीच थी, जबकि कंट्रोल में यह 9.5 से 10.6 पत्ती वेबिंग/पादप और 3.2 से 4.2 लार्वा/पादप की रेंज में था। वर्ष 2019 में, बेहतर बरसात के कारण मुरझान रोग अधिक था। फिर भी 16 अरहर वंशावलियों को मुरझान संक्रमण रहित पाया गया। 84, ICP 14116, ICP 14801, ICP 14900 और ICP 14903 शामिल हैं। इक्कीस अन्य वंशावलियां मूरझान रोग से मामूली संवदेनशील या संवेदनशील/उच्च संवेदनशील थीं। 146 वंशावलियों में से, आठ वंशावलियों में 40% से अधिक फाइटोफ्थोरा रोग तीव्रता थी, जिसे संवेदनशील वर्गीकृत किया गया।

जैविक स्ट्रैस के विरूद्ध बाजरा जननद्रव्य वंशावलियों की जांच

रोगों के विरूद्ध बाजरा जननद्रव्य वंशावलियों (432) की जांच खरीफ 2019 के दौरान प्राकृतिक खेत स्थितियों के तहत की गई। आईसीएआर. आईआईएमआर, हैदराबाद से प्राप्त कोर.कलेक्शन से चार सौ तीस बाजरा वंशावलियों की बुवाई राष्ट्रीय जांच किस्म GPU-45 के साथ एकल पंक्ति में संवर्धित डिजाइन में की गई। इस वर्ष पाइरिकुलेरिया ग्रिसिया द्वारा उत्पन्न ग्रीवा और बाजरा प्रस्फुटन रोग का उच्च आपतन एवं तीव्रता देखी गई। केवल कुछ ही वंशावलियों में अन्य रोगों, जैसे कि खुरपका सड़न रोग (स्क्लेरोटियुम रोलफ्सी), आच्छद अंगमारी (राइजोक्टोनिया सोलेनी) और भूरा पत्ती धब्बा रोग की उत्पत्ति देखी गई।

ग्रीवा प्रस्फुटन रोग की उत्पत्ति अगस्त के अंतिम सप्ताह से हुई और उसकी तीव्रता बढ़ती गई। जीनप्ररूपों पर रोग प्रेक्षणों को रिकॉर्ड किया गया और 0 से 9 स्केल में ग्रीवा और बाजरा के प्रतिशत संक्रमण के आधार पर उन्हें प्रतिरोधी (0-1), मामूली प्रतिरोधी (1.1-3.0), मामूली संवदेनशील (3.1-5.0), संवेदनशील (5.1-7.0) और उच्च संवेदनशील (7.1-9.0) के रूप में वर्गीकृत किया गया। जांच की गई 432 वंशावलियों में से उन्नतीस वंशावलियां ग्रीवा प्रस्फुटन संक्रमण से प्रतिरोधी थीं, जबकि 53 वंशावलियों ने बाजरा प्रस्फुटन रोग से प्रतिरोध प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त, 42 और 61 वंशावलियों को क्रमशः ग्रीवा और बाजरा प्रस्फुटन रोग से मामूली प्रतिरोधी के रूप में वर्गीकृत किया गया। शेष वंशावलियों को संवेदनशील श्रेणी (MS, S, HS) के रूप में वर्गीकृत किया गया जिनका स्कोर 3.1 से ऊपर 9.0. स्केल तक था। पिछले खरीफ

मौसम (2017 से 2019) के दौरान बाजरा की सत्तावन जननद्रव्य वंशावलियों, यानी GEC 8, GEC 9, GEC 15, GEC 16, GEC 17, GEC 19, GEC 21, GEC 28, GEC 29, GEC 32, GEC 34, GEC 41, GEC 47, GEC 69, GEC 70, GEC 71, GEC 75, GEC 76, GEC 79, GEC 92, GEC 105, GEC 107, GEC 118, GEC 119, GEC 120, GEC 122, GEC 129, GEC 131, GEC 134, GEC 160, GEC 162, GEC 164, GEC 166, GEC 167, GEC 171, GEC 194, GEC 296, GEC 321, GEC 325, GEC 338, GEC 339, GEC 340, GEC 342, GEC 345, GEC 346, GEC 392, GEC 393, GEC 464, GEC 466, GEC 489, GEC 501, GEC 505, GEC 506, GEC 507, GEC 512, GEC 520, GEC 528 ने ग्रीवा प्रस्फुटन रोग से लगातार प्रतिरोधी और मामूली प्रतिरोधी अनुक्रिया प्रदर्शित की। इसके अलावा, दो मौसमों के डाटा की तुलना में 94 वंशावलियों को बाजरा प्रस्फुटन के लिए प्रतिरोधी या मामूली प्रतिरोधी पाया गया।

जैविक स्ट्रैस के विरूद्ध काबुली चना जननद्रव्य की जांच

आईसीआरआईएसएटी, हैदराबाद से खरीदे गए जननद्रव्य वंशावलियों के दो सौ अठत्तीस काबुली चना मिनी.कोर सबसेट के साथ तीन कंट्रोल वंशावलियों की जांच प्राकृतिक खेत स्थितियों के तहत वर्तमान जैविक स्ट्रैस के तहत 2018&19 रबी के दौरान युग्मित, संवर्धित डिजाइन में की गई। जांच में काबुली चना बेधक, हेलिकोवर्पा आर्मीजेरा को मुख्य नाशीजीव के रूप में पाया गया। इन वंशावलियों की जांच फली बेधक के विरूद्ध उनकी सहिष्णुता के लिए की गई। स्वस्थ और क्षतिग्रस्त फलियों पर प्रेक्षणों को फसल परिपक्वता के समय पर रिकॉर्ड किया गया और प्रतिशत फली नुकसान का परिकलन किया गया। फली बेधक के लिए जननद्रव्य वंशक्रमों की कीटनाशक संवेदनशीलता रेटिंग का परिकलन प्रतिशत फली नुकसान के आधार पर किया गया। तदनुसार, जननद्रव्य वंशावलियों को 1&9 स्केल पर वर्गीकृत किया गया। किसी भी वंशावली ने फली बेधक से प्रतिरोधी अनुक्रिया प्रदर्शित की। लेकिन, 50 वंशक्रमों ने न्यूनतम संवदेनशीलता अभिक्रिया प्रदर्शित की, जबकि 185 वंशक्रम मामूली संवेदनशील थे और एक वंशक्रम को उच्च संवेदनशील पाया गया।

रोगों में, स्कलेरोरियम रोलफ्सी द्वारा मुख्य रूप से उत्पन्न जड़/स्कंध सड़न रोग यानी रूट/कॉलर रॉट अंकुरण के बाद और फसल विकास के प्रारंभिक समय के दौरान देखा गया, जबकि फ्यूसेरियम मुरझान रोग मौसम की उत्तरोत्तर अवधि के दौरान देखा गया। अधिकतर काबुली चना जीनप्ररूपों ने 20% या उससे कम आपतन के साथ प्रतिरोधी या मामूली प्रतिरोधी अनुक्रिया प्रदर्शित की। किसी भी वंशावली ने 40% से अधिक की रोग तीव्रता के साथ संवेदनशील अनुक्रिया प्रदर्शित नहीं की, क्योंकि फील्ड स्थिति के तहत रोग स्ट्रैस उपयुक्त नहीं था। मुरझान रोग तीव्रता 0 से 35.71% की रेंज में थी और जड़ सड़न रोग 8 से 25 प्रतिशत की रेंज में था।

जैविक स्ट्रैस के विरूद्ध गेहूं और लेथाइरस जननद्रव्य की जांच

गुलाबी तना बेधक नाशीजीव के विरूद्ध मिनी.कोर सबसेट की गेहूं जननद्रव्य वंशावलियों (218 वंशावलियांद्ध की जांच रबी 2018-9 के दौरान फील्ड स्थिति के तहत की गई। इन जननद्रव्य वंशावलियों का मूल्यांकन व्हाइट ईअर रोगलक्षण के आधार पर गुलाबी तना बेधक से सहिष्णुता के लिए फील्ड स्थितियों के तहत किया गया। तीन वंशावलियों, यानी EC217803, IC542799 और IC582717 ने गुलाबी तना बेधक नाशीजीव से उच्च प्रतिरोध प्रदर्शित किया, क्योंकि व्हाइट ईअर का कोई रोगलक्षण नहीं दिखाई दिया, जबकि 20 और 40 वंशावलियों को क्रमशः प्रतिरोधी एवं मामूली प्रतिरोधी के रूप में चिहिन्त किया गया।

लेथाइरस के मिनी–कोर सबसेट की एक सौ दस वंशावलियों की जांच रबी 2018-19 के दौरान थ्रिप्स से प्रतिरोध एवं सहिष्णुता के लिए की गई। दो थ्रिप्स प्रजातियों, अर्थात स्किरटोथ्रिप्स डोर्सेलिस एवं थ्रिप्स फ्लोरुम ने लेथाइरस वंशावलियों को संक्रमित किया। थ्रिप्स के आपतन के डाटा को प्रत्येक 10 पादप के आधार पर रिकॉर्ड किया गया। रिकॉर्ड किए गए डाटा के आधार पर, यह निष्कर्ष निकाला गया कि लेथाइरस की 22 वंशावलियों, अर्थात IC 142577, IC 142578, IC 142581, IC 142614, IC 142809, IC 143410, IC 143434, IC 143521, IC 143527, IC 143532, IC 143548, IC 143609, IC 147016, IC 147107, IC 147160, IC 147550, No 2203, JRL-41, Sel- 481, Sel – 527, Sel-531 एवं Sel-563 थ्रिप्स से मामूली सहिष्णु के रूप में वर्गीकृत थीं। शेष वंशावलियों को थ्रिप्स पीड़न से संवदेनशील से लेकर उच्च संवेदनशील के रूप में पाया गया।

परियोजना 3.2. कृषि में जैविक स्ट्रैस के शमन के लिए क्रोमोबैक्टीरियम प्रजातियों के सहायक मेटाबोलाइटों का वियोजन और गुणानुवर्णन

(बी. के. चौधरी, ममता चौधरी, आर. के. मुरली बास्करन, जे. श्रीधर)

क्रोमोबैक्टीरियम प्रजा. के सहायक मेटाबोलाइट का बड़े पैमाने पर उत्पादन 48 घंटो तक 30°C पर स्टैंडर्डाइज्ड सॉलिड मीडियम पर बैक्टीरिया के कल्टीवेशन और सेल मास के द्वारा प्राप्त किया गया। सहायक मेटाबोलाइट को दो विधियों से निष्कर्षित किया गया।

विधि क. बैक्टीरियल सेल के क्रूड एक्सट्रेक्ट को क्लोरोफिल, इथाइल ऐसिटेट और इथेनोल सॉल्वेंट से क्रमिक रूप से निष्कर्षित किया गया। पहले क्रूड एक्सट्रेक्ट को 150 मि. ली. क्लोरोफोर्म के साथ निष्कर्षण के 3 घंटों के बाद निष्कर्षित किया गया और उसे क्लोरोफोर्म क्रूड एक्सट्रेक्ट (S1) का नाम दिया गया। दूसरे क्रूड एक्सट्रेक्ट को 150 मि. ली. इथाइल ऐस्टिेट के साथ S1 एक्सट्रेक्ट के अपशिष्ट के निष्कर्षण के 6 घंटों के बाद निष्कर्षित किया गया और उसे इथाइल ऐसिटेट क्रूड एक्सट्रेक्ट (S2) का नाम दिया गया। अंतिम क्रूड एक्सट्रेक्ट को S2 एक्सट्रेक्ट के परिणामी अपशिष्ट से निष्कर्षण के 10 घंटों के बाद इथेनोल (150 मि. ली.) के साथ निष्कर्षित किया गया और उसे (S3) नाम दिया गया। क्रूड एक्सट्रेक्ट (S1, S2, S3) को अपकेंद्रित्र (सेंट्रीफ्यूज) किया गया और उसके बाद पूर्ण वाष्पन तक सांद्रित किया गया। एक्सट्रेक्ट्स को आगामी उपयोग हेतु क्रिस्टल रूप में परिरक्षित किया गया।

मॉडल बी: क्रूड मास प्राप्त करने हेतु एक्सट्रेक्ट के इथेनोलिक सॉल्यूशन को अपकेंद्रित्र और फिल्टर किया गया और उसके उपरांत उसे वाष्पित किया गया। इस क्रूड मास (Ecr) को पहले क्लोरोफोर्म (मात्रात्मक रूप से) के साथ, दूसरी बार डाइथाइल इथर (for 3±4 h) के साथ तथा तीसरी बार इथेनोल (लगभग मात्रात्मक) के साथ (वायोलेसीन का निष्कर्षण) सॉक्सलेट से परिष्कृत किया गया। कम स्ट्रैस के तहत इथेनोल के वाष्पन से अर्द्ध.परिष्कृत एक्सट्रेक्ट निकला जिसे सॉल्वेंट पेयर मेथानोल/जल के साथ क्रिस्टल रूप से पुनः परिष्कृत किया गया। क्रिस्टल्स को अपकेंद्रण के द्वारा संग्रहित कर सूखाया गया और उसे Pn का नाम दिया गया, जहाँ n=एक्सट्रेक्शन कार्यविधि का नंबर है।

नाशीकीटों के विरूद्ध वायोलेसिन (क्राइमोबैक्टीरियम प्रजा. का सहायक मेटाबोलाइट) की एंटीफीडेंट गतिविधि

स्पोडोप्टेरा लिच्यूरा

वायोलेसीन, जो कि चावल के मोथ के विरूद्ध क्रोमोबैक्टीरियम का एक सहायक मेटाबोलाइट है, की एंटीफीडेंट गतिविधि का अध्ययन प्रयोगशाला स्थिति के तहत किया गया। इथाइल ऐस्टिेट और इथाइल एल्कोहल के साथ अलग से तैयार किए गए वायोलेसीन (125, 250, 500, 1000 ppm) की भिन्न मात्राओं का विश्लेषण किया गया जिसमें एकल सॉल्वेंट, ब्रॉथ और अनुपचारित कंट्रोल की तुलना में स्पोडोप्टेरा लिच्यूरा के तीसरे इन्सटार का प्रयोग किया गया। वायोलेसीन के क्रूड एक्सट्रेक्ट ने लार्वा की फीडिंग गतिविधि को 24.1% तक अवरोधित किया। यह गतिविधि इथाइल एल्कोहल (2.7%) और एकल इथेनोल (4.7%) उपचारों की तुलना में ब्रॉथ वायोलेसीन (21.2%), इथेनोल एक्सट्रैक्ट वायोलेसीन 1000 ppm (20.8%) और इथाइल ऐसिटेट निष्कर्षित वायोलेसीन 1000 ppm (16.8%) से काफी भिन्न थी।

कोरसाइरा सेफालोनिका

चावल मोथ के तीसरे इन्स्टार के विरूद्ध विभिन्न उपचारों की एंटीफीडेंट गतिविधियों की रेंज 16.9 से 38.8 प्रतिशत के बीच थी। उपचारों के बीच, इथाइल एल्कोहल से तैयार किए गए वायोलेसीन (250, 500, 1000 ppm) की मात्राओं की प्रभावकारिता भी बराबर थीं। उनकी एंटीफीडेंट गतिविधि 32.8 से 38.8 प्रतिशत के बीच थी, उसके बाद इथाइल ऐसिटेट (25.8%) के साथ तैयार किए गए वायालेसीन के 1000 ppm स्थान था।

4. जैविक स्ट्रैस प्रबंधन में कार्यनीतिक और अनुकूलनीय अनुसंधान परियोजन

4. 2. गेहूँ में गुलाबी तना बेधक नाशीजीव की जैविक. पारिस्थितिकी और प्रबंधन

(के. सी. शर्मा, मल्लिकाअर्जुन, जे.)

पोटेशियम और सिलिकॉन (K and SI) के विभिन्न स्तरों का प्रयोग कर पोषण आधारित क्रमिक रूप से प्रेरित प्रतिरोध के प्रभाव का अध्ययन गेहूँ (किस्म GW-273)

में गुलाबी तना बेधक नाशीजीव के विरूद्ध किया गया। सिलिकॉन–पोषण वाले गेहूँ तना नमूनों के बायोकेमिकल विश्लेषण में यह पाया गया कि उन भूखंडों में (जहाँ अनुपचारित कंट्रोल भूखंडों की तुलना में मृदा में 300 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. की दर से डायाटोमासिएस मिट्टी का प्रयोग किया गया था) कुल शर्करा, कुल फिनोल और प्रतिरक्षी एंजाइमों (परॉक्सीडेस, पॉलीफिनोल ऑक्सिडेस, फिनाइलानाइन अमोनिया लाऐस एवं बीटा 1-3 ग्लूकानेस) में वृद्धि पाई गई।

परियोजना 4.3. चावल और लेथाइरस में जैविक स्ट्रैस प्रबंधन पर इंटरेक्टिव शैक्षिक मल्टीमीडिया मॉड्यूल का विकास और उसकी प्रभावकारिता की टेस्टिंग

(पी. मूवेन्थन, अनिल दीक्षित, आर. के. मुरली बास्करन)

आईईएमएम और मोबाइल ऐप पहलों के माध्यम से हासिल किए गए ज्ञान लाभ के संदर्भ में, छत्तीसगढ़ के धान और लेथाइरस उत्पादकों के बीच कराए गए सर्वेक्षणों से यह पता चला कि उनका समग्र ज्ञान लाभ क्रमशः 30.53 और 19.68 प्रतिशत था। उनके ज्ञान में भिन्नता से यह पता चलता है कि किसानों का ज्ञान लेथाइस और धान की खेती के बारे में अलग–अलग है। इसके अलावा, p(t) का उच्च मान सांख्यिकीय रूप से यह पुष्टि करता है कि उत्तरदाताओं द्वारा प्रचुर मात्रा में ज्ञान लाभ हासिल करने में आईईएमएम और मोबाइल ऐप का प्रभाव स्पष्ट रूप से था।

स्वतंत्र चरों, यानी किसानों की आयु, व्यावसायिक स्थिति, भूजोत आकार, खेती करने का अनुभव और सामाजिक प्रतिभागिता के बारे में उनका ज्ञान लाभ प्रायिकता के एक और पांच प्रतिशत पर सकारात्मक पाया गया। बेहतर कृषि विधियों के बारे में किसानों की सोच के स्तर पर स्कोर 0.65 से 0.88 के बीच था। किसानों ने प्रलेखित जीएपी के अंगीकरण के बारे में कठिनाइयां बताई। गारेट वैल्यू के अनुसार, कठिनाई की सूची में सिंचाई जल प्रबंधन का स्थान प्रथम और खेती की बढ़ती लागत का स्थान 8वां था।

ज्ञान लाभ के आधार पर जैविक स्ट्रैस प्रबंधन पर इंटरेक्टिव वीडियो (IVs) की प्रभावकारिता का विश्लेषण किया गया। यह पाया गया कि 1 से 10 वर्ष की आयु के सभी समूहों ने इंटरेक्टिव वीडियो द्वारा ज्ञान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, 2 से 3 वर्ष की आयु समूह में ज्ञान लाभ सबसे कम था। दस वर्ष आयु समूहों में से चार समूहों, यानी समूह 2, 7, 8, 10 के ज्ञान में काफी भिन्नता थी, हालांकि इन गांवों के किसानों का औसत पूर्व–ज्ञान स्कोर कम था। इसका कारण केवीके से उनकी कम पहुंच हो सकती है। ज्ञान लाभ में विचलन यह संकेत देता है कि किसानों के पास डेयरी कृषि विधियों में भिन्न प्रकार का ज्ञान है। इसके अतिरिक्त, उच्च 't' मान सांख्यिकीय रूप से यह पुष्टि करता है कि उत्तरदाताओं व किसानों द्वारा काफी ज्ञान लाभ हासिल किए जाने में इंटरेक्टिव मीडिया का प्रभाव था।

उत्तरदाताओं के विभाजन का निर्धारण उनके जनसंचार माध्यम यानी मास मीडिया एक्सपोजर, सामाजिक प्रतिभागिता और आजीविका संबंधी परिसंपत्तियों के अनुसार किया गया। मास मीडिया एक्सपोजर के अनुसार, रेडियो का स्थान प्रथम (54.33%) था, उसके बाद मोबाइल फोन (62.33%) और समाचार पत्र (56.66%) का था। उनकी सामाजिक प्रतिभागिता के अनुसार, अधिकतर उत्तरदाता छत्तीसगढ़ राज्य लघु वन उत्पाद सहकारिता संघ लिमिटेड (CGMFPFED) से जुड़े थे, उसके बाद संयुक्त वन प्रबंधन समिति (JFMCs) से जुड़े थे। सामाजिक.आर्थिक प्रोफाइल से यह पाया गया कि 59.17 प्रतिशत उत्तरदाता मध्यम आयु समूह (36 से 55 वर्ष) के बीच की आयु के थे। लगभग 38.33 प्रतिशत उत्तरदाता की शिक्षा 6-10th कक्षा के बीच थी। लगभग 31.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास खेती करने का अनुभव था जो 21-30 वर्षों के बीच था। अध्ययनगत क्षेत्र में धान–धान और धान परती फसल प्रणाली मुख्य खेती थी। अधिकतर (81.56%) किसान सिंचाई के लिए नहर के पानी का इस्तेमाल करते हैं।

परियोजना 4.5. लेपिडोप्टेरन नाशीजीवों के प्रबंधन के लिए घरेलू बायोकंट्रोल अभिकारकों का वियोजन और मूल्यांकन

(आर. के. मुरली बास्करन, के. सी. शर्मा, जे. श्रीधर, लता जैन)

ग्रीष्म 2019 के दौरान धान पीला तना बेधक नाशीजीव के प्रबंधन में ट्राइकोग्राम्मा प्रजा. की परजीवी गतिविधि पर सिंथेटिक रसायन की केयरोमोन प्रभावकारिता

पीला तना बेधक नाशीजीव के विरूद्ध टी. जेपोनिकम की परजीवी गतिविधि को बढ़ाने के लिए सिंथेटिक केयरोमोन की फील्ड प्रभावकारिता का मूल्यांकन

ग्रीष्म 2019 के दौरान निचली भूमि धान (किस्म MTU 1010) में किया गया। पौधों को 6.3.19 को प्रतिरोपित किया गया। तीन रासायनिकों, यानी हैक्साडेकानोइक अम्ल (200 ppm), ऑक्टाडेकानोइक अम्ल (500 ppm) और ऑक्टाडेकेन (500 ppm) के जेल संरूपण का प्रयोग 14th, 21st, 28th और 35th DAT पर वैस्प को छोड़े जाने के 24 घंटों के बाद फिल्टर (Whatman no. 1) पेपर पर फील्ड स्थिति के तहत अलग से किया गया। इन उपचारों की तुलना एकल टी. जेपोनिकम @ 50,000 वैस्प/हैक्टे./रिलीज (14th, 21st, 28th और 35th DAT) की चार खंडित रिलीज और अनुपचारित चेक (जब कोई वैस्प छोड़े नहीं गए थे) के साथ की गई। प्रत्येक उपचार को 5x4 मी. आकार के भूखंड में पांच बार दोहराया गया। उपचारों के बीच 15 फीट की दूरी रखी गई ताकि वैस्प एक उपचार से दूसरे में जा सके। प्रतिशत डैड हार्ट और व्हाइट ईअर को साप्ताहिक अंतराल पर रिकॉर्ड किया गया और फसल कटाई के समय पर भूखंड.वार उपज रिकॉर्ड की गई।

साप्ताहिक अंतराल, यानी 14th, 21st, 28th एवं 35th DAT पर 50,000 वैस्प/हैक्टे./रिलीज की दर पर प्रत्येक रिलीज के 24 घंटों के बाद ऑक्टाडेकेन / 500 ppm (औचक रूप से 25 स्थान/हैक्ट.) का प्रयोग किए जाने से एकल टी जेपोनिकम (8.1% डेड हार्टय 1.6% व्हाइट ईअरय पॉजिटिव कंट्रोल) और अनुपचारित चेक (20.4% डेडहार्ट 3.9% व्हाइटईअर नेगेटिव कंट्रोलद्ध की तुलना में क्रमशः 5.8 और 1.1% डेट हार्ट और व्हाइट ईअर रिकॉर्ड किए गए, जिससे डेट हार्ट और व्हाइट ईअर आपतनों के संदर्भ में क्रमशः 11.28 और 12.82 प्रतिशत की परजीवी गतिविधि बढ़ गई।

घरेलू बेसिलस थुरिंजिंसिस का वियोजन और गुणानुवर्णन

सोडियम ऐसिटेट उपचार की स्टैंडर्ड कार्यविधि का मामूली संशोधन के साथ प्रयोग कर छत्तीसगढ़ के 13 जिलों से छब्बीस और ओडिशा से एक मृदा नमूने को वियोजन के लिए प्रसंस्कृत किया गया। न्यूट्रिएंट एगार पर कॉलोनियों की पुनः पुष्टि ग्राम स्टेनिंग, बेसिलस सेरेयस एगार और हाइक्रोम एगार पर ग्रोथ से तथा अंततः cry 1 और cry 2 जीन विशिष्ट पीसीआर द्वारा की गई ताकि वियुक्त यानी आइसोलेट्स की पुष्टि बेसिलस थुरिंजिंसिस के रूप में की जा सके। बेसिलस थुरिंजिंसिस के लगभग 13 वियुक्तों की पहचान की गई और आगामी प्रभावकारिता अध्ययनों के लिए उन्हें ग्लाइसेरॉल स्टॉक के रूप में परिरक्षित किया गया।

स्पोडोप्टेरा लिच्यूरा के साथ घरेलू बीटी का बायोऐस्से

पांच घरेलू बीटी के तीन मिश्रण तैयार किए गए जिनका प्रयोग अरंडी की पत्तियों और शेड ड्रायड के लिए किया गया। एस. लिच्यूरा के प्री.स्टार्ड्ड 3rd इन्स्टार को उपचारित पत्तियां परोसी गईं। इन पत्तियों की तुलना VLBT 3 और Dipel (पॉजिटिव कंट्रोल) तथा अनुपचारित चेक (नेगेटिव कंट्रोल) के साथ की गई। डायपेल उपचार में 76% की सबसे अधिक मृत्यु दर दर्ज की गई, जो VLBT3 (19.9%) और NBT 6 & 11 (15.6%) के प्रयोग से घटित मृत्युदर से काफी भिन्न थी। मृत्युदर के मामले में NBT2 & NBT3 (22.2%) and NBT4 (24.5%) की प्रभावकारिता बराबर व एक दूसरे से समतुल्य थी।

अन्य बाया–ऐस्से परीक्षण में धमतरी वन पारिस्थितिकी (NBT 17) दुर्ग सब्जी पारिस्थितिकी (NBT 18) से वियोजित दो घरेलू बेसिलस थुरिंजिंसिस को प्लेन लूरिया बर्टानी एगार प्लेटों पर अलग से स्ट्रीक किया गया और 37°C पर उसे रातभर इनकुबेट किया गया। रातभर छोड़े गए कल्चरों के एक लूप को अलग से लूराई ब्रॉथ में इनोकुलेट किया गया और 28°C पर 24 घंटों तक शेकिंग कंडिशन के तहत बीजाणु के लिए छोड़ दिया गया। प्रत्येक आइसोलेट मिश्रण को $5x10^8$ CFL/ml पर मिश्रित किया गया और उसमें क्रमानुसार डिस्टिल वाटर मिलाया गया ताकि $5x10^7$ CFL/ml और 5×10^6 CFL/ml का मिश्रण प्राप्त किया जा सके। अल्मोड़ा VL-6 Bt (पॉजिटिव कंट्रोल) और अनुपाचारित चेक (नेगेटिव कंट्रोल) के तीन समान मिश्रणों के साथ तुलना करते हुए, दो बीटी आइसोलेट्स के तीन मिश्रणों का स्पोडोप्टेरा लिच्यूरा के 3rd इन्सटार के साथ बाया–ऐस्से विश्लेषण किया गया। बीटी मिश्रण से उपचारित अरंडी की पत्तियों को छाया में सूखाया गया और उन्हें प्रि–स्टार्ड्ड लार्वा को परोसा गया। प्रत्येक उपचार को पांच बार दोहराया/पुनरावर्तित गया। प्रत्येक पुनरावर्तन में 15 लार्वा थे। ताजे फीड को दूसरे दिन के बाद कंट्रोल लार्वा को तब तक परोसा गया जब तक वह प्रस्फुटित नहीं हुआ। लार्वा की मृत्युदर को 24 घंटों के अंतराल पर प्रेक्षित किया गया जिसे प्रतिशत में परिवर्तित किया गया।

उपचार के तीसरे दिन (DAT) एस. लिच्यूरा

की प्रतिशत मृत्युदर 6.6 से 29.8 प्रतिशत के बीच थी, जबकि कंट्रोल में कोई मृत्युदर नहीं थी। NBT 18 esa 5 x 10^8 CFL/ml (56.7%) और 5th DAT पर अधिकतम मृत्युदर प्रेक्षित की गई, जिसमें अन्य उपचारों की तुलना में काफी अंतर था। इसी तरह की स्थिति 7th DAT पर प्रेक्षित की गई। NBT 18 में 9th DAT और 5 x 10^8 CFL/ml पर 86.7 की अधिकतम मृत्युदर प्रेक्षित की गई, जिसके बाद NBT 17 में 5 x 10^8 CFL/ml (83.3%) पर और VLBt 6 esa 5 x 10^8 CFL/ml (76.7%) पर प्रेक्षित की गई, जबकि कंट्रोल में मृत्युदर 10 प्रतिशत थी।

घरेलू ट्राइकोग्रामा प्रजा.

घरेलू बायोकंट्रोल अभिकारकों को संग्रहित करने हेतु छत्तीसगढ़ के कुल 18 जिलों, अर्थात कांकेर, रायपुर, राजनंदागांव, बालोद, दुर्ग, मुंगेली, बिलासपुर, कोरबा, कोरिया, सुरजपुर, बलरामपुर, सारगुजिया, धामतारी, कोंडागांव, बस्तर एवं नारायणपुर का वर्ष 2019-20 के दौरान सर्वेक्षण किया गया। घरेलू यानी अंड परजीव्याभ को 53 स्थानों में ट्रैप करने हेतु सेन्टिनल एग कार्ड का उपयोग किया गया। ये परजीव्याभ वन, सब्जी, दलहन, मक्का, कपास आदि की भिन्न पारिस्थितिकियों से संबंधित थीं। इनमें से, ट्राइकोग्रामा के 14 इको–टाइप्स को रिकवर कर प्रजाति स्तर पर चिहिन्त किया गया।

घरेलू ट्राइकोग्रामा की परजीवी गतिविधि

ट्राइकोग्रामा प्रजा. की तीन वन्य समष्टियों को रिकवर किया गया, यानी दो को बरोदा फार्म के निचली भूमि परती धान फसल से और एक को बरोंडा गांव के एक किसान के निचली भूमि धान के खेत से रिकवर किया गया। पहली दो समष्टियों की पहचान टी. पाइलोनिस के रूप में और तीसरी समष्टि की पहचान टी. जेपोनिकम के रूप में की गई। तीन घरेलू ट्राइकोग्रामा प्रजातियों की परजीवी गतिविधि का तुलनात्मक अध्ययन एनबीएआईआर, बेंगलुरु की प्रजातियों के साथ की गई, जिसमें यह पाया गया कि किसान के खेत से संग्रहित टी जेपोनिकम में 86.4% की अधिकतम परजीवी गतिविधि रिकॉर्ड की गई, जो एनबीएआईआर प्रजातियों की तुलना में समतुल्य (82.3%) थी। एनबीएआईआर से प्राप्त टी. चाइलोनिस में 76.9% की अधिकतम परजीवी गतिविधि पाई गई, जिसके बाद टी. चाइलोनिस की दो घरेलू समष्टियों में क्रमशः 71.1 और 66.4% पाई गई।

परियोजना 4. 6. धान में ऐलिलोपेथिक संभावना और खरपतवार प्रबंधन के लिए चयनित खरपतवारों का मूल्यांकन

(अनिल दीक्षित, बी. के. चौधरी)

खरीफ 2019 में धान पारिस्थितिकी के खरपतवारों के विरूद्ध ऐलिलोपेथिक प्रभावों के लिए धान जीनप्ररूपों की फील्ड जांच

ऐलिलोपैथी का तात्पर्य उन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हानिकारक या लाभकारी प्रभावों से है जो रासायनिक कम्पाउंडों के उत्पादन के माध्यम से एक पादप से दूसरे पादप पर छोड़ते हैं। कृषि प्रणालियों में खरपतवार प्रबंधन के लिए ऐलिलोपैथी का अन्वेषण विज्ञान में एक उभरता क्षेत्र है। चूँकि खरपतवारों का यांत्रिक रूप से नियंत्रण करना काफी खर्चीला है और रासायनिक रूप से उनका नियंत्रण करने से पर्यावरण में प्रदूषण बढ़ता है और दूसरी ओर शाकनाशी.प्रतिरोधी खरपतवारें विकसित हो जाती हैं, इसलिए ऐलिलोपैथिक धान किस्म का प्रयोग कर बायोलाजीकल कंट्रोल धान के खेत में खरतवार की समस्या से निपटने में एक वैकल्पिक उपाय हो सकता है। इसे टेस्ट करने के लिए परीक्षण फील्ड को अम्मेन्निया बैचीफेरा, लुडविगिया पार्विफ्लोरा, अल्टरनेन्थेरा सेसिलिस, फिमब्रिस्टाइलिस मिलिएसिया, इरियोकाउलोन सीबोल्डियानुम, लेप्टोक्लोआ चाइनेन्सिस, कॉम्मेलिना बेंघालेन्सिस, इचिनोक्लोआ कोलोना जैसी खरपतवारों से फील्ड व खेत को संक्रमित किया गया। लाइन नंबर 3 किस्म आदित्यद्ध और लाइन नं. 8 (किस्म R 1882-306-4-242-1) जैसी धान की कुछ टेस्ट किस्मों के ऐलिलोपैथिक प्रभाव से कुछ खरपतवार बीज अंकुरण काफी अधिक प्रभावित हुआ।

परियोजना EF 005. कृषि में सूत्रकृमियों पर एआईसीआरपी

(मल्लिकाअर्जुन जे.)

धान जड़.गांठ सूत्रकृमि (मेलाइडोगाइन ग्रेमिनीकोला)

का जैविक प्रबंधन

धान जड़ गांठ सूत्रकृमि नाशीजीव के विरूद्ध भिन्न बायोकंट्रोल अभिकारकों को टेस्ट करने हेतु खरीफ 2019 के दौरान एनआईबीएसएम में एक फील्ड परीक्षण किया गया। सभी उपचार धान के बीजों की बुवाई से पहले नर्सरी क्यारियों में किए गए। आरसीबी डिजाइन में 5 पुनरावर्तन किए गए। धान किस्म (स्वर्णा) की बुवाई संस्तुत कृषि विधियों के पैकेज के अनुसार 54 वर्ग मी. के भूखंड आकार में की गई। परीक्षण में अनेक उपचारों को शामिल किया गया जैसे कि T1 = बेसिलस पुमिलस /20 gm^2 (2×10^8 CFU/g) के साथ नर्सरी क्यारी उपचारय T2 = बेसिलस सबटिलिस /20 g m^2 (2×10^8 CFU/g) के साथ नर्सरी क्यारी उपचारय T3= स्यूडोमोनस फ्ल्यूरोसेंस / 20 g m^2 (2×10^8 CFU/g) (संस्तुत विधि) के साथ नर्सरी क्यारी उपचारय ज्4 त्र कार्बोफुरान /1 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. के साथ नर्सरी उपचारय T5 = अनुपचारित चेक। फसल अवधि के प्रारंभ से लेकर अंत तक अनेक प्रेक्षण किए गए, जैसे कि प्रारंभिक सूत्रकृमि समष्टि/200 cc मृदा, पौध की ऊंचाई (से. मी.), प्रतिरोपण से पहले प्रति जड़ तंत्र गाल्स की संख्या (20 पौधों की औसत), फसल कटाई पर जड़ गांठ सूचकांक (20 पौधों की औसत), फसल कटाई पर मृदा (200 cc) में और जड़ (5 g) में अंतिम सूत्रकृमि समष्टि। फसल उपज (कि. ग्रा. प्रति भूखंड प्रति टन/हैक्टे.) रिकॉर्ड की गई।

सभी उपचारों को सूत्रकृमि की समष्टि (मृदा एवं जड़ में) को, गाल्स प्रति पौध संख्या, आरकेआई को कम करने में तथा उपज को बढ़ाने में अनुपचारित कंट्रोल की तुलना में कमोबेश बराबार प्रभावकारी पाया गया। कार्बोफरान / 1 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. के साथ उपचारित नर्सरी को सूत्रकृमि समष्टि (98 संख्या/200 cc मृदा और 12.21 संख्या /5g जड+), पौध ऊंचाई (22.69 से. मी.), प्रति पौध गाल्स की संख्या (10.14), RKI (1.87) और उपज (6.87 टन प्रति हैक्टे.) को कम करने में प्रभावकारी पाया गया। इस उपचार के परिणाम की तरह ही शेष अन्य उपचारों के परिणाम थे।

लौकी फसल में जड़–गांठ सूत्रकृमि, मेलाइडोगाइन इन्कॉग्निटा का जैविक प्रबंधन

छत्तीसगढ़ के खरोरा के निकट किसानों के खेतों में खरीफ 2019 के दौरान एक फील्ड परीक्षण किया गया ताकि लौकी में जड़ गांठ सूत्रकृमि नाशीजीव के विरूद्ध भिन्न बायोकंट्रोल अभिकारकों को टेस्ट किया जा सके। उपचार तकनीकी कार्यक्रम के अनुसार किए गए। आरसीबी डिजाइन को तीन पुनरावर्तनों के साथ अपनाया गया। प्रति उपचार प्रति पुनरावर्तन कुल 10 पादपों को अनुरक्षित किया गया। उपचार इस प्रकार थे -T1 = नीम खली / 1 टन प्रति हैक्टऽ- T2 = @ 10 ग्रा. प्रति कि. ग्रा. बीज की दर से स्यूडोमोनस पुटिडा के साथ बीज उपचार T3 = @ 10 ग्रा. प्रति कि. ग्रा. बीज की दर से बेसिलस मेगाटेरियम के साथ बीज उपचार T4 = 10 ग्रा. प्रति कि. ग्रा. बीज की दर से बेसिलस ऐमिलोलिक्विफेसिऐंस के साथ बीज उपचार T5 = 10 ग्रा. प्रति कि. ग्रा. बीज की दर से स्यूडोमोनस फ्ल्यूरोसेंस के साथ बीज उपचारय T6 = T1 + T2; T7 = T1 + T3; T8 = T1 + T4; T9 = T1 + T5; T10 = कार्बोफुरान @ 1.0 कि. ग्रा. प्रति हैक्टे. T11 = अनुपचारित चेक।

उपचारों के बाद फसल के प्रारंभ से लेकर कटाई तक अनेक प्रेक्षण किए गए, जैसे कि प्रारंभिक सूत्रकृमि समष्टि/200 cc मृदा, फसल कटाई पर मृदा (200 cc) और जड़ (5 g) में अंतिम सूत्रकृमि समष्टि और उपज (कि. ग्रा. प्रति भूखंड और टन प्रति हैक्टे.) । नीचे तालिका 19 में प्रस्तुत आंकड़ों से यह पता चलता है कि 1 टन प्रति हैक्टे. नीम केक + 10 कि ग्रा. प्रति कि. ग्रा. बीज की दर से स्यूडोमोनस फ्ल्यूरोसेंस के साथ बीज उपचार तथा उसके बाद T8 उपचार FNP (98), RKI (1.68) और उपज (6.84 टन प्रति हैक्टे.) के संदर्भ में सर्वश्रेष्ठ उपचार थे।

परियोजना EF006 धान परती भूमि दलहन फसल प्रणाली में उपयुक्त कृषि उद्यमों के माध्यम से जनजातीय किसानों का सामाजिक.आर्थिक उत्थान– किसान भागदारी संकल्पना

(पी. मूवेन्थन, अनिल दीक्षित, के. सी. शर्मा, पी. एन. शिवलिंगम, अमृत कुमार गुप्ता, अमित दीक्षित)

तालिका 10 % फार्मर फर्स्ट परियोजना का विवरण (2016-2019)

क्र. सं.	विवरण	2016 - 17	2017 - 18	2018 - 19	2019 - 20
1.	कुल बजट (रु.)	26,80,000	25,70,000	28,80,000	19,45,000
2.	व्यय (रु.)	26,47,287	23,36,448	28,60,738	-
3.	क्षमता निर्माण कार्यक्रम				
क.	प्रशिक्षण / कुल किसानों की संख्या	4/120 किसान	29/870 किसान	41/1089 किसान	21/436 किसान
ख.	प्रदर्शन / कुल किसानों की संख्या	10/157 किसान	31/465 किसान	25/478 किसान	34/889 किसान
ग.	गोष्ठियों की संख्या और समूह / कुल किसान	0/0 किसान	14/490 किसान	16/276 किसान	06/298
घ.	एक्सपोजर यानी ज्ञानवर्धन दौरों की संख्या / कुल किसान	1/55 किसान	02/42 किसान	03/42 किसान	0/0
ङ	किसान एवं वैज्ञानिक पारस्परिक वार्ता सं. / कुल किसान	1/85 किसान	02/88 किसान	04/202 किसान	0/0
च.	कृषि फिल्म शो संख्या / कुल किसान	0/0 किसान	14/580 किसान	9/370 किसान	08/336 किसान
4.	सीबीपी में कवर किए गए कुल किसान	417 किसान	2535 किसान	2457 किसान	1959 किसान
5.	इंट्रोड्यूस की गई प्रौद्योगिकियां (कुल 41)	09	20	09	03
6.	दलहनों के तहत कवर किया गया क्षेत्र / कुल किसान	0/0	40 हैक्टे./180 किसान	32 हैक्टे./154 किसान	33 हैक्टे. /165 किसान
7.	सब्जी के तहत कवर किया गया क्षेत्र / कुल किसान	2 हैक्टे./36 किसान	12 हैक्टे./110 किसान	18 हैक्टे./300 किसान	4 हैक्टे./34
8.	कवर किए गए परिवार	154	502	612	507
9.	फसल तीव्रता (% में)	100 %	117 %	130 %	121 %
10.	प्रवासन में कमी	02 %	08 %	18 %	23 %
11.	ICT में - 331 किसानों को मोबाइल / व्हाट्स ऐप / फेसबुक के जरिए कवर किया गया और 630 से अधिक शॉर्ट मैसेजिज तथा कृषि टेक्नोलॉजी वीडियो सर्कुलेट किए गए।				
12.	प्रति परिवार सृजित आय (रु में)				
क.	फसल आधारित मॉड्यूल	0	6821	9850	धान परती भूमि फसलों की कटाई नहीं की गई
ख.	पशुधन आधारित मॉड्यूल	0	कड़कनाथ - 23,692 बकरी - 16,282	कड़कनाथ - 20,042 बकरी - 39,150	कड़कनाथ - 28,414 बकरी - 15,420
ग.	बागवानी आधारित मॉड्यूल	7,600	6,000	12,722	6,500
घ.	उद्यम आधारित मॉड्यूल	4,200	6,250	14,000	9,720
ङ	एनआरएम आधारित मॉड्यूल	2,300	4,650	3,650	4,230

तालिका 11- 2016-2019 से परियोजना स्थल में स्थापित अवसंरचना/लघु श्रेणी उद्यम (कसडोल, बलोदा बाजार)

क्र. सं.	मॉड्यूल	गतिविधियां
1.	कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी)	खरहा, बम्हनी, कुर्राहा, खारी एवं बाक्ला गांवों में स्थित पांच सीएचसी, जहाँ हैपी सीडर, ए–क्वी फर्टीसीड ड्रिल और नीरस व थकाऊ कार्य को कम करने वाले 16 से अधिक कृषि औजार हैं।
2.	कृषि प्रसंस्करण केंद्र (एपीसी)	खाराहा, कुर्राहा, खारी एवं बाक्ला गांवों में स्थित चार एपीसी, जहाँ मिनी राइस मिल, फ्लोर मिल, मिनी पुलवेराइजर, पीकेवी दाल मिल, स्पाइस ग्राइंडिंग मशीन और ऑयल एक्सप्लर यूनिट हैं। ए-क्वीफर्टी सीडड्रिल से सुसज्जित हैं और जहाँ नीरस व थकाऊ कार्य को कम करने वाले 16 से अधिक कृषि औजार हैं।
3.	किसान संचार केंद्र (एफसीसीसी)	खाराहा एवं खारी गांवों में स्थित दो एफसीसी, जहाँ डेस्क टॉप कंप्यूटर सिस्टम, इंटरनेट कनेक्टिविटी, प्रिंटर, प्रोजेक्टर, लोक शिकायत निवारण प्रणाली कृषि अनुदेशात्मक वीडियो (एआईवी), आधुनिक प्रौद्योगिकियों पर द्विभाषी रूप में साहित्य, कृषि फिल्म डीवीडी, इंटरेक्टिव बोर्ड और पुस्तकें हैं।
4.	हैचरी इकाइयां	खाराहा, बैम्हनी, कुर्राहा, खारी और बाक्ला गांवों में स्थित पांच हैचरी इकाइयां, जहां कड़कनाथ एग हैचिंग हैचरी है।
5.	कड़कनाथ कल्टीवेशन इकाइयां (पीसीयू)	बैम्हनी, बाक्ला एवं खारी गांवों में स्थित तीन केएफयू, जहां हैचरी इकाइयां और एकीकृत अजोला उत्पादन इकाइयां हैं।
6.	प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन इकाइयां (पीसीयू)	खाराहा, कुर्राहा और खारी गांवों में स्थित तीन शेड नेट हाउस एक एक पॉली हाउस, जहाँ न्यूनतम लागत वाली ड्रिप प्रणाली, फोगर सिस्टम और पॉली मल्विंग सुविधाएं उपलब्ध हैं।
7.	खुम्ब उत्पादन इकाइयां (एमपीयू)	कुर्राहा एवं बैम्हनी गांवों में स्थित दो खुम्ब (धान भूसी एवं ओयस्टर) उत्पादन इकाई।
8.	न्यून लागत वाली अजोला उत्पादन इकाइयां	खाराहा, बैम्हनी, कुर्राहा, बाक्ला एवं खारी गांवों में स्थित कुल 18 न्यून लागत वाली अजोला उत्पादन इकाइयां, जहाँ चारा की नियमित एवं स्थायी रूप से उपलब्धता है।
9.	न्यूट्रिशन्ल टेरेस गार्डनिंग इकाइयां	बैम्हनी एवं बाक्ला गांवों में स्थित तीन आधुनिक न्यूटिशन टेरेस गार्डनिंग इकाइयां, जहाँ एग्रो बैग्ज, ड्रिप सिस्टम और शेड नेट सुविधाएं उपलब्ध हैं।

वर्ष 2019 के दौरान छत्तीसगढ़ की फसलों में जैविक स्ट्रैस की स्थिति और नई रिपोर्टें

तालिका: फसलों, पशुधन और मात्स्यकी में जैविक स्ट्रैस की स्थिति (2019)

फसल	जैविक स्ट्रैस	वैज्ञानिक नाम	तीव्रता
रबी–ग्रीष्म 2018-19			
चावल	पीला तना बेधक	स्क्रिपोफेगा इन्सेर्टुलस	15.44 % डेड हार्ट 3.28 % व्हाइट ईअर
गेहूँ	गुलाबी तना बेधक	सेसेमिया इन्फेरेन्स	10-15%
काबुली चना	उकठा	फ्यूसेरियम ऑक्सीस्पोरुम f. sp.	5-35%
	ग्रीवा सड़न	स्क्लेरोटियम रोलफ्सी	5-30%
मसूर	ग्रीवा सड़न एवं मुरझान रोग	स्क्लेरोटियम रोलफ्सी एफ.ऑक्सीस्पोरुम f. sp. लेन्टिस	5-30%
खरीफ 2019			
चावल	भूरा पादप फुदका	निलापर्वता लुगेन्स	5-30%
	तना बेधक	स्क्रिपोफेहा इन्सेर्टुलस	न्यून
	पत्ती मोड़क	स्नेफोलोक्रोसिस मेडिनेलिस	न्यून
	जीवाणविक अंगमारी	जेंथोमोनस ओरिजे pv. ओरिजे	न्यून से मध्यम
	नैक ब्लास्ट	पाइरिबुलेरिया ओरिजे	न्यून से मध्यम
	आच्छद अंगमारी	राइजोक्टोनिया सोलेनी	न्यून से उच्च

	फाल्स स्मट	यूस्टिलागिनोइडिया विरन्से	न्यून से मध्यम
	जड़ गांठ सूत्र कृम	मेलोइडोजाइन ग्रामिनिकोला	26 गाल्स/पौध
मक्का	फाल आर्मीवॉर्म	स्पोडोप्टेरा फ्रुगिपर्डा	10%20% छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भागों में
बाजरा	गुलाबी तना बेधक	सेसेमिया इन्फेरेंस	न्यून
	ईअरहैड कैटरपिलर	क्रिप्टोब्लेबस ऑगुस्टिपेनेला, यूब्लेम्मा सिलिकुला	न्यून
	खुर सड़न/फूट रॉट	स्कलेरोटियम रोलफ्सी	न्यून
	नेक एंड फिंगर ब्लास्ट	पाइरिकुलेरिया ग्रिसिया	न्यून से उच्च
	भूरा पत्ती धब्बा	हेलमिन्थोस्पोरियम प्रजा.	न्यून से मध्यम
	आच्छद अंगमारी	आर सोलेनी	न्यून
अरहर	चित्तीदार फली बेधक	मारुका विट्रेटा	0-65% पत्ती या पुष्प वेब्स/पादप
	फली बेधक कॉम्पलेक्स	मारुका विट्रेटा	मध्यम
	फ्लाई पॉड	मेलेनोग्रोमाइजा एब्ट्यूसा	मध्यम
	फ्यूसेरियाम मुरझान	फ्यूसेरियम युडुम	मध्यम से उच्च
	फाइटोप्थोरा अंगमारी	फाइटोप्थोरा कजनी	न्यून से मध्यम
लोबिया	पीला मोजेक	येलो मोजेक विषाणु	मध्यम
	एंथ्रेक्नोस	कोलेटोट्रिचुम लिन्डेमुथिएनुम	मध्यम
भिंडी	फल बेधक	ईरिअस विटेला	मध्यम
	चूर्णिल फफूंद	एरिसिफे साइकोरासीरुम	मध्यम से उच्च
	सेर्कोस्पोरा पत्ती धब्बा	सेर्कोस्पोरा प्रजा.	मध्यम से उच्च
बैंगन	प्ररोह एवं फल बेधक	ल्यूसेनोडेस आर्बोनेलिस	15-30%
मिर्च	काष्ठकीट	स्क्रिटोथ्रिप्स डोर्सेलिस	मध्यम से उच्च
	डाई बैक	कोलेटोट्रिचुम कैप्सिसी	मध्यम से उच्च
	पर्ण कुंचन/लीफ कर्ल	पर्ण कुंचन विषाणु	मध्यम से उच्च
गोभी	कट वॉर्म	स्पोडोप्टेरा लिच्यूरा	10-20% पत्ती नुकसान
रबी–ग्रीष्म 2019-20			
गेहूँ	गुलाबी तना बेधक	सेसेमिया इन्फेरेन्स	10-17%
	पाइरिला	पाइरिला पर्पुसिला	20 से 30 निम्फ और वयस्क/पादप
काबुली चना	फली बेधक	हेलिकोवर्पा आर्मिगेरा	>50%
	मुरझान	फ्यूसेरियम ऑक्सीपोरुम f. sp. साइसेरिस	न्यून से मध्यम
	ग्रीवा सड़न	स्कलेरोटियम रोलफ्सी	न्यून से मध्यम
लेथाइरस	थ्रिप्स	स्क्रिटोथ्रिप्स डोर्सेलिस थ्रिप्स फ्लोरुम	3.4% पत्ती 3.4% पुष्प
मसूर	ग्रीवा सड़न एवं मुरझान रोग	स्कलेरोटियम रोलफ्सी	30% तक

जीवाणविक रोग	हीमोरेजिक सेप्टीसेमिया, गिलटी रोग, ब्रूसेलोसिस, ब्लैक क्वार्टर, मास्टिटिस, एंटेरोटोक्सेमिया, फूट रॉट	मध्यम से उच्च
विषाणु रोग	लम्पी स्किन रोग, हॉग कोलरा, पेस्टे डेस पेटिटिस रुमिनेन्ट्स, ब्ल्यू टंग, ओआरएफ, आईबीआर	मध्यम से उच्च
परजीवी रोग	सरेब्रोस्पिनल नेमाटोडायसिस, विस्सेरल लार्वा माइग्रेशन, लीवर फ्ल्यूक, स्ट्रॅन्गाइल, हीमोनचुस, ऐसकेरिडस, टीनिया एवं मैनेज	मध्यम से उच्च
प्रोटोजोआ रोग	ऐनाप्लेमोसिस, बेबिसियोसिस, थीलेरियोसिस, ट्राइपेनोसोमोसिस, कोसिडियोसस, एमोबायेसिस, गियारडायसिस, ब्लेंटिडियुम	मध्यम से उच्च

जैविक स्ट्रैस का नया रिकॉर्ड

- माइरोइडेस ओडोनेन्टिमिमुस की पहचान की गई और पशुओं में एक नए श्वसन रोगजनक के रूप में इसके बारे में पूरी दुनिया को रिपोर्ट किया गया (ममता चौधरी, बी. के. चौधरी)।
- पोरसाइन सिर्कोवायरस 3 को भारत में पहली बार रिपोर्ट किया गया है जो सूअर उद्योग में भारी आर्थिक नुकसान करता है (ममता चौधरी, बी. के. चौधरी)।

संस्था की गतिविधियाँ

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (24 फरवरी, 2019)

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ के अवसर पर आईसीएआर.एनआईबीएसएम, रायपुर द्वारा बांगोली, सारागांव, कियोन्ट्रा और बरोंडा गांवों के किसानों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 24-02-2019 को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक) ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया और किसानों एवं जन प्रतिनिधियों को पीएम किसान योजना के बारे में जानकारी दी। डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने पीएम.किसान सम्मान निधि योजना के बारे में प्रतिभागियों से चर्चा की। प्रतिभागियों ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ कार्यक्रम के साथ.साथ पूर्वाह्न 11-00-11-30 बजे माननीय प्रधानमंत्री की मन की बात का प्रसारण देखा। सभी किसानों को इस योजना का लाभ लेने की सलाह दी गई। डॉ. अनिल दीक्षित ने उपस्थित लोगों को संस्थान की गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ. जे. श्रीधर ने कार्यक्रम में समन्वय किया। डॉ. के. सी. शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में, एक सौ से अधिक किसानों, पांच जन प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों और संस्थान के स्टाफ ने भाग लिया।

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2019)

आईसीएआर.एनआईबीएसएम में वैज्ञानिकों, स्टाफ और फार्म कामगारों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया।

जैविक स्ट्रैस पर किसान.वैज्ञानिक पारस्परिक वार्ता (02 मार्च, 2019)

किसान–वैज्ञानिक पारस्परिक वार्ता का आयोजन दिनांक 02-03-2019 को आईसीएआर. एनआईबीएसएम, रायपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में एनआईबीएसएम, रायचुरा के सभी वैज्ञानिकों और आईआईडब्ल्यूबीआर, करनाल तथा आईएआरआई, क्षेत्रीय केंद्र, इंदौर की गेहूँ परीक्षण (एआईसीडब्ल्यू एवं बीपी) की निगरानी टीम ने भाग लिया। डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक), आईसीएआर. एनआईबीएसएम ने सभी किसानों और पदाधिकारियों का स्वागत किया और कृषि में विभिन्न प्रकार के स्ट्रैस तथा उनके प्रबंधन के बारे में चर्चा की। डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने कृषि और एकीकृत कृषि प्रणालियों में विविधीकरण पर जोर दिया। इस पारस्परिक वार्ता के क्रम में, सभी किसानों और वैज्ञानिकों ने गेहूँ, लेथाइरस, काबुली चना आदि पर एनआईबीएसएम अनुसंधान अनुसंधान फार्म परीक्षण स्थलों का दौरा किया। गेहूँ और जौ पर एआईसीआरपी परीक्षणों के तहत रबी 2018-19 के दौरान किए गए गेहूँ परीक्षणों, यानी एवीटी.परिसीमित सिंचाई.समय पर बुवाई (6 किस्में), एवीटी.समय पर बुवाई.सिंचाई (13 किस्में) और एवीटी.पछेती बुवाई. सिंचाई (10 किस्में) की मॉनीटरिंग अर्थात अनुवीक्षण डॉ. लोकेन्द्र कुमार, डॉ. ए. पी. अग्रवाल, डॉ. गोपाला रेड्डी, डॉ. प्रकाश द्वारा सहित मूल्यांकन टीम द्वारा की गई। जरौदा, बालोदा बाजार, बरोंडा एवं सारागांव के लगभग चालीस किसान इस कार्यक्रम में भाग लेकर लाभान्वित हुए। पारस्परिक वार्ता बैठक में डॉ. के. सी. शर्मा, डॉ. पी. मूवेन्थन और डॉ. अनिल दीक्षित, आईसीएआर.एनआईबीएसएम, रायपुर द्वारा समन्वय किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च, 2019)

दिनांक 08-03-2019 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक) ने संक्षिप्त संबोधन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिकों ने इस अवसर पर श्रोताओं को संबोधित किया। डॉ. बिनोद ने श्रोताओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की महत्ता के बारे में बताया।

6वीं संस्थान प्रबंधन समिति बैठक (18 मार्च, 2019)

6वीं संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) की बैठक डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक), आईसीएआर. एनआईबीएसएम, रायपुर की अध्यक्षता में दिनांक 18-3-2019 को हुई। आईएमसी सदस्य, यानी विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में डॉ. के. एन. मोहन्ता, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर–सीआईएफए, भुवनेश्वर; डॉ. ए. के. मुखर्जी, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर. एनआरआरआई, कटक; डॉ. ए. के. सारावगी, प्रोफेसर एवं प्रभागाध्यक्ष, पादप प्रजनन एवं आनुवंशिकी, आईजीकेवी, रायपुर; श्री आर. के. चन्द्रवंशी, संयुक्त कृषि निदेशक, छत्तीसगढ़; डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त

निदेशक (अनुसंधान), आईसीएआर.एनआईबीएसएम; और डॉ. के. सी. शर्मा, नोडल अधिकारी तथा सदस्य सचिव के रूप में ए. ए. गोस्वामी ने बैठक में भाग लिया।

डॉ. जगदीश कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। डॉ. पंकज कौशल ने आईसीएआर–एनआईबीएसएम, रायपुर की अनुसंधान उपलब्धियों, अनुसंधान सहयोगों तथा विस्तार एवं आउटरीच गतिविधियों पर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। सदस्य सचिव ने 5वीं आईएमसी की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रस्तावित कार्यसूची दिशानिर्देशों पर बैठक में परिषद के दिशानिर्देशों के अनुसार चर्चा की गई।

फोल्डस्कोप माइक्रोस्कोपी पर निकोबार्सी जनजातीय किसानों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला (20 मार्च, 2019)

आईसीएआर.एनआईबीएसएम, रायपुर ने भाकृअनुप. केंद्रीय प्रायद्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पोर्ट ब्लेयर के सहयोग से ''जूनोटिक रोगों के जोखिम को कम करने में फोल्डस्कोप माइक्रोस्कोपी की भूमिका, पादप रोगों के फील्ड स्तरीय निदान और जनजातीय किसानों की निजी साफ–सफाई की सुनिश्चितता'' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का आयोजन डीबीटी प्रायोजित फोल्डस्कोप परियोजना के तहत हरमिन्दर बे, हट बे, में दिनांक 20-3-2019 को किया गया। कार्यशाला के अन्य सहयोगी यानी कोलाब्रेटरों के रूप में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), नई दिल्ली और फोल्डस्कोप इंस्ट्रयूमेंट्स इंक और प्रकाश लैब (स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी), स्टैनफोर्ड, केलिफोर्निया, यूएसए ने कार्यशाला में भाग लिया। डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान), आईसीएआर. एनआईबीएसएम ने फील्ड स्तर पर जैविक स्ट्रैस प्रबंधन के विशेष संदर्भ में कृषि में फोल्डस्कोप माइक्रोस्कोपी के बहुमुखी उपयोग के बारे में बताया। डॉ. पी. मूवेन्थन, वैज्ञानिक और डीबीटी प्रायोजित फोल्डस्कोप परियोजना के प्रधान अन्वेषक ने सूक्ष्मजीव।

फाल आर्मीवॉर्म उप.समिति बैठक (04 जून, 2019)

मक्का और अन्य वैकल्पिक परपोषी पादपों पर फाल आर्मीवॉर्म (एफएडब्ल्यू) के पीड़न एवं प्रबंधन की निगरानी करने हेतु राज्य स्तर पर एक उप.समिति गठित की गई, जिसमें निदेशक कृषि, रायपुर, छत्तीसगढ़ (अध्यक्ष), श्री सी. एस. नाईक, सेंट्रल आईपीएम सेंटर, रायपुर (सदस्य एवं समन्वयक), डॉ. आर. के. मुरली बास्करन, प्रधान वैज्ञानिक (कृषि कीटविज्ञान), एनआईबीएसएम, रायपुर (सदस्य एवं विषय विशेषज्ञ) और डॉ. सोनाली डिवाले, आईजीकेवी, रायपुर (सदस्य एवं विषय विशेषज्ञ) शामिल थे। उप. समिति की बैठक कृषि निदेशालय, रायपुर में दिनांक 04-06-2019 को हुई। विषय.विशेषज्ञता धारक होने के कारण एनआईबीएसएम ने एफएडब्ल्यू के प्रबंधन के लिए समिति को आईपीएम मॉड्यूल का सुझाव दिया।

5वीं संस्थान अनुसंधान समिति बैठक (11&12 जून; 20 अगस्त, 2019)

5वीं संस्थान अनुसंधान समिति बैठक दिनांक 11&12-06-2019 को आईसीएआर.एनआईबीएसएम, बरोंडा, रायपुर में डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक) की अध्यक्षता में हुई। 11 जून 2019 को आईआरसी की बैठक डॉ. अनिल दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी पीएमई द्वारा दिए गए स्वागत संबोधन के साथ प्रारंभ हुई, जिसके बाद डॉ. जगदीश कुमार ने संक्षिप्त टिप्पणियां दीं। आईआरसी के अध्यक्ष ने संस्थान के उत्थान के लिए किए गए क्रियाकलापों, जैसे कि प्रशासनिक एवं वित्तीय जिम्मेदारियों का निर्वहन, प्रयोगशाला स्थापनाओं की स्थापना, पदों का सृजन; आईसीएआर.आईएआरआई, नई दिल्ली के साथ शिक्षा कार्यक्रम हेतु एमओयू को कार्यान्वित करने में वैज्ञानिकों की भूमिका (जो उनके अनुसंधान योगदानों के अलावा थी) की प्रशंसा की। उन्होंने वैज्ञानिकों द्वारा प्राप्त समग्र अनुसंधान प्रगति की भी प्रशंसा की। उन्होंने संस्थान में सुसंगत वैज्ञानिक वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। डॉ. पी. कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों एवं परियोजनाओं, वैज्ञानिक क्रियाकलापों और संस्थान की स्थापना तथा अतिशीघ्र कार्रवाई हेतु संभावित क्षेत्रों की संवीक्षा से संबंधित उपलब्धियों को बैठक के दौरान प्रस्तुत किया। संस्थान और बाह्य वित्तपोषित परियोजनाओं की प्रगति के बारे में परियोजना के प्रधान अन्वेषकों ने कार्यक्रम.वार प्रस्तुति की। नए परियोजना प्रस्तावों के प्रस्तुतीकरण के लिए तथा अन्य सामान्य मुद्दों पर चर्चा करने हेतु 5वीं आईआरसी की पहली अनुषंगी बैठक दिनांक 20-08-2019 को हुई। परियोजनाओं के RPPIII प्रस्तावों, नए परियोजना प्रस्तावों के प्रस्तुतीकरण तथा सामान्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 5वीं आईआरसी बैठक की दूसरी

अनुषंगी बैठक दिनांक 06-01-2020 को डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक) की अध्यक्षता में हुई।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2019)

भाकृअनुप.राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर (छत्तीसगढ़) ने दिनांक 21-06-2019 को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया। स्वागत संबोधन डॉ. अनिल दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक ने दिया। डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने समारोह की अध्यक्षता की और जीवन तथा राष्ट्र निर्माण में योग की महत्ता पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर सिस्टर ऊमा, प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, रायपुर ने योग और आध्यत्म पर एक आमंत्रित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रार्थना और कॉमन योग नयाचार वीडियो प्रदर्शित किए गए। संस्थान के सभी वैज्ञानिकों और स्टाफ सदस्यों ने आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कॉमन योग नयाचार के अनुसार योग सत्रों में भाग लिया।

4वीं अनुसंधान सलाहकार समिति बैठक (03 जुलाई, 2019)

